# ऊंटनी के दूध आदि उत्पादों की मार्केट मांग को बढ़ाना होगा : डॉ. आर्तबन्धु साहू

■ एन.आर.सी.सी. में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का शुभारंभ



एन.आर.सी.सी. में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह को अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बीकानेर के सहयोग से आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आज केन्द्र-सभागार में शुभारंभ किया।

इस अवसर पर वैज्ञानिक वार्ता एवं वैज्ञानिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर, राजुवास तथा अन्य कॉलेजों के विज्ञान संकाय से जुड़े लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों, अध्यापकों, वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश ने कहा कि विज्ञान का जीवन में विशेष महत्व है। क्योंकि यह विषय वस्तु को अंधविश्वास आदि से परे रखते हुए उसे प्रमाणिकता प्रदान कराता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे देश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके फलस्वरूप आज से लगभग 92 वर्ष पूर्व हमारे देश के सर सी.वी.रमन को नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

साथ ही वैज्ञानिक सोच विकसित करना, हमारे देश के संविधान के मौलिक कर्तव्यों के रूप में भी उल्लेखित है। उन्होंने जीवन में विज्ञान के महत्व एवं उपलब्धियों के साथ विकसित तकनीकी के दूरगामी परिणामों आदि पहलुओं पर भी बात कही। उन्होंने एन.आर.सी.सी. को उष्ट्र प्रजाति संबद्ध देश का उत्कृष्ट संस्थान के रूप में इसकी अनुसंधान उपलब्धियों एवं संस्थान की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि उष्ट्र पालन व्यवसाय को लोकप्रिय, सरल एवं लाभप्रद बनाने के लिए ऊंटनी के दूध आदि उत्पादों की मार्केट मांग को बढ़ाना होगा। इस अवसर पर केन्द्र के निदेशक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.आर्तबन्धु साहू ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विज्ञान के साथ हमारे जीवन की प्रत्येक प्रक्रिया जुड़ी हुई है।

डॉ.साहू ने कहा कि परिवर्तित परिदृष्य में इस धरती पर जीवन यापन के दौरान अनेक प्रकार की समस्याएं एवं चुनौतियां सामने आ रही हैं परंतु मानव जीवन की श्रेष्ठता को आधार मानते हुए यहां विचरण करने वाले सभी जीव-जंतुओं आदि को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि हमें विज्ञान एवं विकास के तहत प्रकृति प्रदत्त संसाधनों के दोहन को रोकने के बारे में विचार करना चाहिए। विज्ञान दिवस मनाए जाने के अवसर को डॉ. सी.वी.रमन की वैज्ञानिक उपलब्धियों से जोड़ते हुए उन्होंने सभी विषयों में विशेष ज्ञान रूपी विषय विज्ञान के विद्यमान (समाहित) होने की बात कही।

समारोह में अतिथि के रूप में डॉ. जी.पी. सिंह, प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर ने कहा कि महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी.रमन द्वारा विकसित 'रमन प्रभाव' के कारण विश्व पटल पर भारत का नाम उभरकर सामने आया। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग, पश्चिमी राजस्थान में मानव सभ्यता के विकास में ऊंट की उपयोगिता एवं इसके द्वारा आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना आदि के संबंध में अपने विचार रखें।

निदेशक डॉ. साहू ने ऊंटनी के दूध के चिकित्सीय गुण तथा डॉ. राकेश रंजन, प्रधान वैज्ञानिक ने 'दवा और निदानिकी के स्त्रोत के रूप में ऊँट' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए इस प्रजाति की वैज्ञानिक उपादेयता को विद्याार्थियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. वेद प्रकाश, ने विज्ञान दिवस समारोह मनाने के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

## मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

तीनों बाइक पर शहर में निकलते और राह चलते लोगों को लूट का शिकार बनाते थे। वे उनसे मोबाइल छीनकर ले जाते थे। पुलिस ने इस संबंध में दो दिन पहले दर्ज मोबाइल लूट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर नौ मोबाइल बरामद किये गए हैं।

इस संबंध में हनुमानगढ़ जिले के गांव दो एमजैडडब्लयू मिर्जावाली निवासी विकास कुमार पुत्र बालचंद ने दो दिन पहले मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में कहा था कि वह अभी श्रीगंगानगर की पुरानी आबादी में रह रहा है। दस मार्च को वह अपने घर पर था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर तीन युवक आये और उसका मोबाइल छीनकर ले गए।

इस पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई प्रमोद कुमार को दी गई। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए ऐसे युवकों पर नजर रखी जो मोबाइल चोरी की वारदातों से जुड़े हों। मुखबिरों से जानकारी जुटाई। जांच में तीन युवकों पर शक हुआ। इस पर पुरानी आबादी के कर्ण लावा (22) पुत्र अशोक कुमार, रोहित (20) पुत्र सूर्यप्रकाश और सुनील (24) पुत्र जसकरण को गिरफ्तार किया। मोबाइल बरामद होने पर उनसे पूछताछ की गई।

## सार-समाचार

### बहादुर पुलिस कर्मियों का सम्मान


कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने आगजनी में सैकड़ों जिंदगी बचाने वाले पुलिस कर्मियों का सम्मान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक सरोकारों की अग्रणी संस्था कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने आज बीकानेर के बहादुर पुलिस कर्मियों का सम्मान किया। जिन्होंने अपनी जान पर खेलकर आगजनी से सैकड़ों जिंदगियों को बचाया। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना के एसआई राधेश्याम, हैड कांस्टेबल अशोक कुमार, हैड कांस्टेबल रोहिताश भारी का शाल, माला, श्रीफल, और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की निदेशक कामिनी विमल भोजक मैया ने अपनी रचना से पुलिस कर्मियों का सम्मान करते हुए कहा कि 'वतन पर जान लुटा डालू, यही जज्बात लाया हूं.. कलेजा मौत से लड़ने का दो दो हाथ लाया.. हुमेरे चिथड़े भी उड़ जाए तो कोई गम नहीं करना की गठरी बांध देना मैं तिरंगा साथ लाया हूं.. इन पंक्तियों को सुनकर उपस्थित लोगों ने जोरदार करतल ध्वनि से पुलिस कर्मियों की हौसला अफजाई की। वरिष्ठ समाजसेवी सत्यदेव शर्मा और श्रीलाल सेवग ने कहा कि सीमा पर वतन की रक्षा करना जितना महत्वपूर्ण है। उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है पुलिस कर्मी के रूप में आमजन की सुरक्षा करना, उनकी जान बचाना। समाजसेवी आर.के. शर्मा और पुरषोत्तम सेवग ने कहा कि जिस तरह रोहिताश भारी और उनके साथियों ने पहले अयप्पा मंदिर और फिर होलिका दहन वाले दिन खाओ सा रेस्टोरेंट की भीषण आग में अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों की जिंदगी बचाई वो एक मिशाल है। अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए जितेन्द्र भोजक ने कहा कि वीरों का आभूषण होता है तिरंगा और उसकी हिफाजत करने के लिए वे अपनी जान भी लगा देते हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाश पुरोहित, के.पी.एस.पिल्लई, आनंद नैयर, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद थे।

### नाहटा परिवार का अभिनंदन


नव्वाणु यात्रा के लाभार्थी भीखमचंद-पूनमचंद नाहटा का साध्वी चंदन बाला ने अभिनंदन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में सोमवार को जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ की साध्वी चन्द्रप्रभा की शिष्या सा, चंदनबाला आदि ठाणा ने आगम के मंत्रों का उच्चारण करते हुए तथा भक्ति गीतों के मुखड़े सुनाते हुए नव्वाणु यात्रा शुभ मुहूर्त सुश्रावक भीखमचंद-पूनमचंद नाहटा परिवार को प्रदान किया। खरतरगच्छ सहस्त्राब्दी वर्ष पर आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर म.सा. के सानिध्य में पालीतणा के शत्रुंज्य तीर्थ पर विमल नाथ गिरि की नव्वाणु यात्रा का आयोजन आगामी माह में होगा। साध्वीश्री ने शिवबाड़ी के प्राचीन पार्श्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद होने वाले प्रतिष्ठा समारोह में समर्पण भाव से सक्रिय भागीदारी का आव्हान किया। पूर्व में नव्वाणु यात्रा के मुख्य लाभार्थी भीखमचंद-पूनमचंद नाहटा परिवार गोलछा-नाहटा मोहल्ले से गाजे- बाजे के साथ भगवान आदिनाथ के मंदिर में दर्शन वंदन करते हुए रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे पहुंचे। उपासरे में साध्वीवृंद ने मंगल भावना व्यक्त करते हुए मुहूर्त पट्ट प्रदान किया। श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, उपाध्यक्ष निर्मल पारख, भीखमचंद बरड़िया, पवन बोथरा, हस्तीमल सेठी, सूरत के पवन पारख व विचक्षण महिला मंडल की मूला बाई दुगड़ ने लाभार्थी परिवार का साफा, श्रीफल आदि से सम्मान किया। इस अवसर पर रायपुर के कमल चंद लोढ़ा का भी अभिनंदन किया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला सप्ताह के अंतर्गत सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिला स्तरीय एकल गायन एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. पूनम सेतिया, डॉ. बबीता काजल व डॉ. रेखा भारद्वाज के निर्देशन में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. पूनम सेतिया द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रतियोगिता में सेठ बिहारीलाल राजकीय महाविद्यालय अनूपगढ़, राजकीय महाविद्यालय, सूरतगढ़, महिला महाविद्यालय सादुलशहर, डीएवी कॉलेज, खालसा कॉलेज, और राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीगंगानगर की टीमों ने भाग लिया। एकल गायन में गोदारा कॉलेज की शहनाज ने प्रथम, डी.ए.वी कॉलेज की कु. विजय लक्ष्मी ने द्वितीय, एवं सादुलशहर की ममता मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विभागों को जल्द की जायेगी जमीन आवंटित : रियार


हनुमानगढ़ कलेक्टर रूक्मणि रियार सियाग ने बिजली, पानी समेत फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली, पानी मौसमी बीमारियों समेत विभिन्न विभागों एवं फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बजट घोषणाओं को लागू करने के क्रम में रूक्मणि रियार ने वेद विद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय, डिजिटल लाइब्रेरी, नोहर में आईटीआई, इंदिरा गांधी वर्किंग वूमेन हॉस्टल, विवेकानंद यूथ हॉस्टल, टिब्बी में औद्योगिक एरिया, नोहर भादरा में लव कुश वाटिका, जिला मुख्यालय पर बनने वाले वेयर हाउस एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को जमीन आवंटन पर जल्द ही कार्यवाही के निर्देश दिए। सीएम एक्सेल्स अवार्ड विनिंग प्रोग्राम पर जिले के विभागों को किए गए नवाचारों को भेजने के निर्देश दिए।

रूक्मणि रियार ने चिरंजीवी योजना में पंजीकरण बढ़ाने पर जोर देते हुए इन्हें शत- प्रतिशत करने के निर्देश दिए तथा लगातार इस संबंध में बीसीएमएचओ के साथ बैठक करने और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देने के निर्देश दिए। नगर परिषद को वार्डों को पॉलिथीन मुक्त करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार एवं कपड़े से बनी थैलियां वितरित करने तथा दुकानदारों को इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पीएमएफबीवाई में पॉलिसियों का शीघ्रता से निस्तारण हो, शराब की दुकानें रात 8 बजे के बाद ना खुले इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने तथा राजीविका के तहत बनाए गए खिलौनो को भामाशाहों के माध्यम से विक्रय कर प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्रीमती रुक्मणि रियार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा देवठिया, एडिशनल एसपी जस्साराम बोस, सीईओ अशोक असीजा, सीएमएचओ ओपी चाहर, डीईओ हंसराज जाजेवाल, डीटीओ संजीव चौधरी अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## घर से भैंस और पर्स चोरी

**हनुमानगढ़,**(कासं)। गोलूवाला थाना इलाके में पिकअप सवार 2 व्यक्तियों ने घर में घुसकर भैंस और पर्स चोरी कर लिया। मकान मालिक की आंख खुली तो भैंस और पर्स गायब मिले। मामले में पीड़ित ने एक नामजद सहित 2 लोगों के खिलाफ गोलूवाला पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

एएसआई विजयसिंह ने बताया कि मनोहर लाल पुत्र मनफूल राम नायक निवासी अमरसिंहवाला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 8 मार्च को सुबह करीब 4 बजे उसकी आंख खुली तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। उसका पर्स घर में नहीं मिला। पर्स में 500 रुपए नकद और आधार कार्ड रखे हुए थे। बाहर आकर देखने पर भैंस भी गायब मिली।

मनोहर लाल के अनुसार कुछ लोग रात के समय घर में घुसकर उसका पर्स और भैंस चोरी कर ले गए। उसने अपने परिवार के सदस्यों के साथ गांव में इधर-उधर तलाश की। इसी दौरान गांव में रहने वाले जगदीश ने उसे बताया कि 8 मार्च को पानी लगाते समय उसने और गिरधारी ने पिकअप जीप को देखा। पिकअप के साइड में खान मोटर्स लिखा हुआ था।

## आरोप बदनाम करने की साजिश : कालवा

■ सूरतगढ़ पालिकाध्यक्ष कालवा विधायक कासनिया के साथ मीडिया से रूबरू हुए

**सूरतगढ़,**(कासं)। भाजपा में शामिल होने के बाद सूरतगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश कालवा विधायक रामप्रताप कासनिया की उपस्थिति में पहली बार मीडिया से रूबरू हुए।

होटल में प्रेस वार्ता करते हुए पालिका अध्यक्ष कालवा ने खुद पर लगे आरोपों को बेबुनियाद और झूठा बताते हुए उन्हें बदनाम करने की साजिश बताया। कालवा ने कहा कि मील परिवार के गलत कार्य नहीं करने के कारण उनकी राजनीतिक हत्या की जा रही है। इसी कारण उन्हें राष्ट्रहित की सोच रखने वाली भाजपा में शामिल होना पड़ा।

प्रेस वार्ता में पालिका अध्यक्ष ने पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व विधायक गंगाजल मील आदि की ओर से की गई प्रेस कांफ्रेंस में लगाये सभी आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सीवरेज प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार का जबरदस्त होवा बनाया जा रहा है। जबकि इस मामले में दो बार एफआर लग चुकी है। रूडसिको के अधीक्षण अभियंता के आदेश के बाद अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर सहायक अभियंता के सत्यापन के बाद ईओ की स्वीकृति पर ही लेखा शाखा ने भुगतान किया था। इसके बाद शिकायत होने पर उन्होंने संबंधित समस्त बकाया भुगतान रोकने और बैंक गारंटी के 8 करोड़ 90 लाख रूपये रोक दिए।

वहीं कालवा ने नगर पालिका के नए भवन के निविदा में साझेदारी के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह दरें निदेशालय की समिति ने अनुमोदित की थी। वार्ड नंबर 10 में आधा पट्टा रिश्तेदार के नाम बनवाने के आरोप पर पालिका अध्यक्ष ने चैलेंज किया कि अगर यह आरोप साबित कर दें तो वे पद से त्याग पत्र दे देंगे और अगर ऐसा ना है तो मील परिवार को राजनीति से सन्यास लेना होगा।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की

**बीकानेर,** (कासं)। कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत जिले में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने कहा कि कई कार्यों में सामग्री की राशि का भुगतान कर दिया गया है और वहां मौके पर अब तक कार्य नहीं हुआ है। अधिकारी मॉनिटरिंग करें और गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरे करवाना सुनिश्चित करें। कनेक्शन के बाद ही भुगतान किया जाए अन्यथा मिशन में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं हो सकेगी। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद ने कहा यदि पाइपलाइन आरओडब्ल्यू के किनारे पर उचित गहराई पर नहीं हो तथा यदि निर्धारित मापदंडों की अनुपालना नहीं होती है तो संबंधित ठेकेदार को पुन: पाइपलाइन डलवाने के लिए पाबंद करें अन्यथा भुगतान नहीं किया जाए। बैठक में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी राजेश पुरोहित ने मिशन के तहत अब तक हुए कार्य की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 85 प्रतिशत से अधिक ग्राम पंचायत भवन तथा 89 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य केंद्र में कनेक्शन दे दिए गए हैं। 85.77 प्रतिशत स्कूलों तथा 95.91 फीसदी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कनेक्शन कर दिया गया है।

## शेरसिंह की मूर्ति का अनावरण

**हनुमानगढ़,**(कासं)। स्वामी केशवानंद स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट में 2023-24 के बजट बैठक का आयोजन ट्रस्ट अध्यक्ष जस्टिस जगत सिंह ज्याणी की अध्यक्षता में किया गया।

ट्रस्ट महासचिव हेमराज गोदारा ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इसी बैठक के दौराने ट्रस्ट कार्यालय में शिक्षाविद सरदार शेर सिंह तूर की मूर्ति का अनावरण जस्टिस जगत सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान हेमराज गोदारा, चौ. रघुवीर सिंह भादू, रविकांत रिणवा, राकेश कुमार ढाका, जयपाल सिंह चौधरी, डॉ. सुशीला चौधरी, डॉ. सुरजीत सिंह कस्वां, प्रहलाद सिंह झींझा, शबनम गोदारा, सीताराम सोमानी, बबीता चौधरी मौजूद थे।

## भगवानगढ़ में 2.14 करोड़ की लागत से बनेगा वॉटर वर्क्स

■ 4 डीबीएन के 4 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा

**सूरतगढ़,**(कासं)। ग्राम पंचायत भगवानगढ़ के चक 1 डीबीएन-बी में जल जीवन मिशन के तहत गांवों में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए सूरतगढ़ पंचायत समिति सदस्य हेतराम मील ने आज वाटर वर्क्स के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

सरपंच प्रतिनिधि गगनदीप सिंह भंगू ने बताया कि 50 सालों से अधिक समय से ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे। लम्बे समय से ग्रामीण पेयजल के लिए वाटर वर्क्स निर्माण की मांग कर रहे थे। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य हेतराम मील के प्रयासों से चक एक डीबीएन-बी,चक तीन डीबीएन और चार डीबीएन के ग्रामीणों के लिए वाटर वर्क्स के निर्माण के लिए जल जीवन मिशन के तहत 2.14 करोड़ से अधिक का बजट पारित हुआ है।

सरपंच प्रतिनिधि गगनदीप सिंह भंगू ने बताया कि वाटर वर्क्स के निर्माण होने के बाद भगवानगढ़ ग्राम पंचायत के चक 1 डीबीएन-बी,चक 3 डीबीएन और 4 डीबीएन के करीब 4 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। वाटर वर्क्स का निर्माण कार्य जून माह तक पूरा हो जायेगा। गर्मी के मौसम में इन तीन गांवों में पूर्व की तरह पेयजल समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। वाटर वर्क्स के शिलान्यास के मौके पर ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य हेतराम मील और सरपंच प्रतिनिधि गगनदीप सिंह भंगू का आभार प्रकट करते हुए मिठाई बांटी।

# कलेक्टर ने राजस्थान सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारियों की जानकारी ली

■ 29 और 30 मार्च को सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जायेगा


बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( बाएं ) ने राजस्थान दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान दिवस के अवसर पर 20 से 30 मार्च तक राजस्थान सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जायेगा।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की अध्यक्षता में सोमवार को इस महोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलाल ने बताया कि 20 से 27 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। आयोजन से जुड़ी समस्त तैयारियां पूरी करने के लिए उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तर पर समिति गठित की गई है। 29 और 30 मार्च को जिला मुख्यालय पर राजस्थान सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम धरणीधर मैदान में होगा जिसमें शास्त्रीय और लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न प्रकार के गीत नृत्य, संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि बीकानेर की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत को समाहित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में कमेटी गठित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शहर की सार्वजनिक दीवारों, सर्किल आदि पर बिना अनुमति के पोस्टर बैनर लगे पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। नगर निगम को ऐसे समस्त पोस्टर इत्यादि हटवाने की कार्रवाई के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि हटाने की लागत जोड़ते हुए संबंधित संस्थान के विरुद्ध सख्त एक्शन लें। कलाल ने कहा कि वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा में संबंधित विभाग भूमि चिन्हीकरण के प्रस्ताव 15 मार्च तक आवश्यक रूप से भिजवा दें।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के तहत स्थाई निर्माण नहीं होने तक अस्थाई रूप से कार्य संचालन के लिए स्थान के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, डिस्कॉम, बीकेईएसएल, आईजीएनपी सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए।

# संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तीन दिन में निस्तारण करें : कलेक्टर


गंगानगर कलेक्टर सौरभ स्वामी ने विभागीय प्रगति व मौसमी बीमारियों की समीक्षात्मक बैठक ली।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय प्रगति एवं मौसमी बीमारियों की समीक्षात्मक बैठक सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों के मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल और सीएमओ प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर संपर्क पोर्टल के लंबित प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक लिया जा रहा है और इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी हो रही है।

इसलिए प्राथमिकता से लंबित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आगामी 3 दिनों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाएं। बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग गंभीरतापूर्वक कार्य करें ताकि समय रहते कार्य पूर्ण किये जा सकें। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं, बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा की।